
# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
## राजकीय इण्टर कालेज (GIC) प्रवक्ता परीक्षा, 2021
# भूगोल
### (व्याख्यात्मक हल प्रश्न-पत्र)
(परीक्षा तिथि : 19.10.2021)

**1. Which one of the following describes the lithosphere?**
**निम्नलिखित में से कौन सा स्थलमंडल को वर्णित करता है?**
(a) Upper and lower mantle/ऊपरी व निचला मैंटल
(b) Crust and core/भूपटल व क्रोड
(c) Crust and upper mantle/भूपटल व ऊपरी मैंटल
(d) Mantle and core/मैंटल व क्रोड

**Ans. (c) :** भूपर्पटी एवं मैंटल का ऊपरी भाग मिलकर स्थलमंडल का निर्माण करते हैं। इसकी मोटाई 10 से 200 कि. मी. के बीच पाई जाती है। भूपटल या भूपर्पटी पृथ्वी का सबसे बाहरी भाग है। यह बहुत भंगुर भाग है जिसमें टूट-फूट की प्रवृत्ति पायी जाती है। महासागरों के नीचे इसकी औसत मोटाई 5 किमी. है, जबकि महाद्वीपों के नीचे 30 किमी. तक है। भूगर्भ में पर्पटी के नीचे का भाग मैंटल कहलाता है। यह मोहो असांतत्य से आरम्भ होकर 2900 किमी. की गहराई तक पाया जाता है। मैंटल का ऊपरी भाग दुर्बलता मण्डल कहलाता है। धरातल पर ज्वालामुखी उद्गार के समय जो लावा पहुँचता है इसका मुख्य स्रोत यही है।

पृथ्वी की आन्तरिक संरचना




**2. With increasing height, normal lapse rate of temperature in troposphere is-**
**क्षोभमण्डल में ऊँचाई बढ़ने, पर सामान्य ताप ह्रास दर है-**
(a) 6.1ºC/100 mtrs/6.1º सेल्सियस/100 मीटर
(b) 6.2ºC/1000 mtrs/6.2º सेल्सियस/ 1000 मीटर
(c) 6.5ºC/1000 mtrs/6.5º सेल्सियस/ 1000 मीटर
(d) 6.5ºC/1000 feet/6.5º सेल्सियस/1000 फीट

**Ans. (c) :** क्षोभमंण्डल (ट्रोपोस्फीयर) की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें बढ़ती ऊँचाई के साथ में प्रति 1000 मीटर पर तापमान में 6.5ºC की दर से कमी होती जाती है। तापमान की इस गिरावट को सामान्य ताप पतन दर कहते हैं। ऊँचाई के साथ तापमान में यह कमी ऊँचाई के साथ वायुमण्डलीय गैसों के घनत्व, वायुदाब एवं कणिकीय पदार्थों में कमी के कारण होती है। क्षोभमण्डल वायुमण्डल की सबसे निचली परत है जिसे परिवर्तन मण्डल भी कहा जाता है। इस परत का नामकरण टीजरेन्स डी बोर्ट ने किया है।

**3. Which among the following put forth the concept of 'Rock Cycle'?**
**निम्नलिखित में से किसने 'चट्टान चक्र' की अवधारणा प्रस्तुत की थी?**
(a) W.M. Davis/डब्ल्यू.एम.डेविस
(b) G.K. Gilbert/जी.के.गिलबर्ट
(c) J. Hutton/जे.हटन
(d) J.W. Powell/जे. डब्ल्यू पॉवेल

**Ans. (c) :** 'चट्टान चक्र' की अवधारणा को जेम्स हटन ने प्रस्तुत किया था। हटन प्रथम विचारक थे जिन्होने सर्वप्रथम पृथ्वी के इतिहास में चक्रीय व्यवस्था का प्रतिपादन किया था। इस चक्र की पुनरावृत्ति होती रहती है। जेम्स हटन ने कहा है ''न तो आदि का पता है; न अन्त का भविष्य।'' जेम्स हटन ने आकस्मिकवाद के विरोध में एकरूपतावाद का प्रतिपादन किया और कहा **'वर्तमान भूत की कुँजी है।'**

**4. Which of the following cities are not situated along the banks of river Danube?**
**निम्नलिखित में से कौन से शहर डेन्यूब नदी के किनारे स्थित नहीं हैं?**
**1. Berlin/बर्लिन** **2. Budapest/बुडापेस्ट**
**3. Belgrade/बेलग्रेड** **4. Bucharest/बुखारेस्ट**
**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**
**Code/कूट :**
(a) 1 and 3/1 और 3 (b) 4 and 3/4 और 2
(c) 1 and 4/1 और 4 (d) 2 and 3/2 और 3

**Ans. (c) :** डेन्यूब नदी ब्लैक फॉरेस्ट पर्वत से निकलकर पूर्व में बहती हुई काला सागर में गिरती है। यह विश्व की एक मात्र ऐसी नदी है जो 10 देशों यथा-जर्मनी, ऑस्ट्रिया, स्लोवाकिया, हंगरी, क्रोएशिया, सर्बिया, बुल्गारिया, रोमानिया, यूक्रेन एवं मोल्दोवा से प्रवाहित होती है। इस पर यूरोप में 5 देशों की राजधानी नगर बुखारेस्ट (रोमानिया) बेलग्रेड (पूर्व यूगोस्लाविया), बुडापेस्ट (हंगरी), वियना (ऑस्ट्रिया) एवं ब्राटिसलावा (स्लोवाकिया) स्थित है। आयोग ने इसका विकल्प बर्लिन (स्प्री नदी पर स्थित) एवं बुखारेस्ट माना है जो कि असत्य है।

**5. The article titled 'Exceptionalism in geography', which proved to be a turning point in geographical thought has been written by which of the following?**
**'एक्सेप्शनलिज्म इन जियोग्राफी' नामक लेख, जो भौगोलिक चिंतन में एक निर्णायक मोड़ सिद्ध हुआ, निम्नलिखित में से किसके द्वारा लिखा गया है?**

(a) G.K. Zipf/जी.के. जिफ
(b) C.D. Harris/सी.डी. हैरिस
(c) F.K. Schaefer/एफ.के. शेफर
(d) R.E. Dickinson/आर.ई.डिकिन्सन

**Ans. (c) :** ''एक्सेप्शनलिज्म इन जियोग्रॉफी'' नामक लेख एफ. के. शेफर ने लिखा है, जो भौगोलिक चिंतन में एक निर्णायक मोड़ सिद्ध हुआ। जर्मन भूगोलवेत्ता एफ. के. शेफर महोदय अमेरिका के आयोवा विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के शिक्षक थे जो अपनी भौगोलिक अध्ययन में रूचि के कारण भूगोलवेत्ताओं के समूह में सम्मिलित हो गये थे। उन्हेंने हॉर्टशोर्न की पुस्तक 'नेचर ऑफ ज्योग्राफी' का आलोचनात्मक विश्लेषण किया जिसका शीर्षक था ''एक्सेप्शनलिज्म इन ज्योग्राफी ए मेथडोलॉजिक एक्जामिनेशन'' (भूगोल में अपवादवाद-एक विधितन्त्रीय परीक्षण) यह हेटनर और हॉर्टशोर्न की व्याख्या के लिए प्रथम महत्वपूर्ण चुनौती थी। उन्होंने हॉर्टशोर्न के अपवादवादी दावे को नकारते हुए कटु आलोचना की और भूगोल के लिए प्रत्यक्षवादी सम्प्रदाय के दर्शन तथ्य और पद्धतियों को अपनाये जाने के लिए विकल्प भी प्रस्तुत किए।
**नोट-** अट्ठारहवीं शताब्दी के जर्मन भूगोलवेत्ता इमैनुअल काण्ट को अपवाद (एक्सेप्शनलिज्म) का प्रवर्तक माना जाता है।

**6. Arrange the following states in descending order of forest cover as per year 2019 and select correct answer from the code given below-**
**निम्नलिखित राज्यों का वन आच्छादित क्षेत्र वर्ष 2019 के आधार पर अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए एवं नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**I. Meghalaya/मेघालय**
**II. Arunachal Pradesh/अरुणाचल प्रदेश**
**III. Mizoram/मिजोरम**
**IV. Manipur/मणिपुर**
**Code/कूट**

(a) II, III, IV, I
(b) III, II, I, IV
(c) IV, I, II, III
(d) III, IV, I, II

**Ans. (b) :** ISFR-2019 के अनुसार वनाच्छादित राज्यों का अवरोही क्रम मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय एवं मणिपुर है। वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार शीर्ष वनावरण प्रतिशत वाले राज्य निम्नलिखित हैं-

| राज्य | - | वनक्षेत्र (%) में |
|---|---|---|
| मिजोरम | - | 84.53 |
| अरुणाचल प्रदेश | - | 79.33 |
| मेघालय | - | 76.00 |
| मणिपुर | - | 74.34 |
| नागालैण्ड | - | 73.90 |

सर्वाधिक वनावरण क्षेत्र वाले राज्य क्रमशः- मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा एवं महाराष्ट्र है। न्यूनतम वनावरण क्षेत्र वाले राज्य क्रमशः- हरियाणा, पंजाब, गोवा, सिक्किम एवं बिहार है।

**7. Which one of the following plateau is considered as inter-mountain plateau?**
**निम्नलिखित पठारों में से किसे अन्तरपर्वतीय पठार माना जाता है?**

(a) Brazilian plateau/ब्राजील पठार
(b) Indian Peninsula Plateau/भारतीय प्रायद्वीपीय पठार
(c) Tibetan Plateau/तिब्बत पठार
(d) Arabian plateau/अरब पठार

**Ans. (c) :** अन्तरापर्वतीय पठार चारों ओर से पर्वतों से घिरे होते हैं। भूपटल के सर्वोच्च सर्वाधिक विस्तृत तथा अत्यधिक जटिल पठार इसी श्रेणी में आते हैं। विश्व का सबसे ऊँचा और सबसे बड़ा अन्तरापर्वतीय पठार तिब्बत का पठार इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है जो उत्तर में कुनलुन शान व दक्षिण में हिमालय पर्वतों से घिरा हुआ है। तिब्बत का पठार सागर तल से औसत रूप में 16,000 फीट ऊँचा है। विश्व के अन्य अन्तरापर्वतीय पठार - बोलिविया का पठार, पेरू का पठार, एशिया माइनर का पठार (ईरान), कोलम्बिया का पठार, मैक्सिको का पठार आदि प्रमुख हैं।

**तिब्बत का अन्तरापर्वतीय पठार**



**8. Which one of the following is not a controlling factor of salinity?/निम्नलिखित में से कौन-सा कारक लवणता को नियंत्रित नहीं करता है?**

(a) Precipitation/वर्षण
(b) Evaporation/वाष्पीकरण
(c) Structure of coast/तट संरचना
(d) Influx of river water/नदी जल प्रवाह

**Ans.(c) :** सागरीय जल के भार एवं उसमें घुले हुए पदार्थों के भार के अनुपात को सागरीय लवणता कहते हैं। सागरीय लवणता को नियंत्रित करने वाले कारकों में वर्षण, वाष्पीकरण, नदी जल प्रवाह, वायुदाब, वायु दिशा तथा सागरीय गतियाँ प्रमुख है। लवणता को नियंत्रित करने में तट की संरचना का कोई योगदान नहीं होता है।
**नोट-** सागरीय लवणता का मुख्य स्रोत पृथ्वी ही है। पर्पटी के विघटन एवं वियोजन के कारण अपरदन के कारकों द्वारा लवण सागर में पहुँचाये जाने लगे जिस कारण सागर में लवण की मात्रा में वृद्धि होने लगी। नदियाँ सागर तक लवण पहुँचाने वाले कारकों में सर्वप्रमुख हैं।

**9. Which of the following potential resource is not much developed in India?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा सम्भाव्य संसाधन भारत में अधिक विकसित नहीं है?**

(a) Wind Energy/पवन ऊर्जा
(b) Tidal Energy/ज्वारीय ऊर्जा
(c) Solar Energy/सौर ऊर्जा
(d) Underground Water Energy/भूमिगत जल ऊर्जा

**Ans. (d) :** भारत में भूमिगत जल ऊर्जा का विकास अधिक नहीं हो पाया है, जबकि पवन ऊर्जा में भारत का विश्व में चौथा स्थान एवं सौर ऊर्जा के उत्पादन में पांचवें, तथा ज्वारीय ऊर्जा का विकास अभी समुचित ढंग से किया जा रहा है। भारत का प्रथम ज्वारीय ऊर्जा संयंत्र विझिंगम में लगाया गया है। भारत में भू-तापीय ऊर्जा का विभव लगभग 600 मेगावाट है। देश में लगभग 113 उष्ण जल स्रोत तथा 340 स्थान है, जहाँ से भूतापीय ऊर्जा प्राप्त की जा सकती है। जैसे-जम्मू कश्मीर में पुगा घाटी, हिमांचल प्रदेश में मणिकर्ण, छत्तीसगढ़ में तातापानी आदि सम्भावित क्षेत्र है किन्तु इनका विकास अभी प्रयोगात्मक अवस्था में हैं। विदित है कि मणिकर्ण (हिमाचल प्रदेश) और खम्मम (आन्ध्र प्रदेश) नामक स्थान पर एक-एक भू-तापीय संयंत्र लगाया गया है।

**10. With maximum radiation of terrestrial heat, which one of the following is called 'Radiation window'?/सर्वाधिक पार्थिव ऊष्मा के विकिरण के कारण निम्नलिखित में से किसे पृथ्वी की 'विकिरण खिड़की' कहा जाता है?**

(a) High Hills/mountains/ऊँची पहाड़ियाँ/पर्वत
(b) Plateaus/पठार
(c) Sea coastal plains/सागर तटीय मैदान
(d) Open seas/खुले सागर

**Ans. (a) :** सर्वाधिक पार्थिव ऊष्मा के विकिरण के कारण ऊँची पहाडियाँ एवं पर्वतों को पृथ्वी की विकिरण खिड़की कहा जाता है। बिना किसी पदार्थीय माध्यम (यथा ठोस, तरल एवं गैस) के एक वस्तु से दूसरी वस्तु में ऊष्मा के स्थानान्तरण की प्रक्रिया को विकिरण कहते हैं। पृथ्वी की सतह से वायुमण्डल में होने वाले विकिरण को धरातलीय विकिरण या पार्थिव विकिरण कहते हैं। विकिरण द्वारा ऊष्मा ऊर्जा का प्रवाह विकिरण के दो मूल भूत नियम निम्न है (1) वेन का विस्थापन नियम (2) स्टीफन-बोल्जमैन नियम।

**11. Which of the following German geographer has contributed in the field of Physical Geography? निम्नलिखित में से किस जर्मन भूगोलवेत्ता ने भौतिक भूगोल के क्षेत्र में योगदान किया है?**

(a) Alfred Weber/अल्फ्रेड वेबर
(b) Carl Troll/कार्ल ट्रोल
(c) Ratzel/रेटजेल
(d) Oscar Peschel/ऑस्कर पेशेल

**Ans. (d) :** जर्मन भूगोलवेत्ता ऑस्कर पेशेल की विशेष रुचि भू-आकृतियों के अध्ययन में थी। इन्होंने अपने पुस्तक भौतिक भू-विज्ञान (Physical Erdkunde) में पृथ्वी तल के भौतिक स्वरूप का वैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत किया था। ऑस्कर पेशेल को आधुनिक भौतिक भूगोल का संस्थापक माना जाता है। उन्होंने भौतिक भूगोल को एक विज्ञान के रूप में प्रस्तुत किया। पेशेल ने उच्चावच के प्रकारों का जननिक वर्गीकरण किया था, जिससे भू-आकृतिक विचारों का जन्म हुआ। पेशेल के द्वारा किये गये भू- आकृतियों अनुसंधानों से भौतिक भूगोल के क्षेत्र में नवीन क्रान्ति उत्पन्न हो गयी थी। ऑस्कर पेशेल 'दास ऑसलैण्ड' नामक भौगोलिक पत्रिका का सम्पादक था।
ऑस्कर पेशेल की महत्वपूर्ण रचनाएं-
(i) अन्वेषण का युग (Age of discovery) (1858)
(ii) भूगोल का इतिहास (History of Geography) (1865)
(iii) तुलनात्मक भू- विज्ञान की नई समस्या (New problem of comparative erdkunde) (1869)
(iv) मानव जातियाँ और उनका भौगोलिक विवरण (The races of man and their Geogrophical Distribution) (1874)
(v) भौतिक भू-विज्ञान (Physical Erdkunde) (1879)

**12. Who among the following scholars was of the opinion that Geography and History were like' non-identical' twins? निम्नलिखित में से किस विद्वान का यह मत था कि भूगोल और इतिहास 'गैर-समान' जुड़वा है?**


(a) Harvey/हार्वे (b) Hartshorne/हॉर्टशोर्न
(c) Ritter/रिट्टर (d) Varenius/वारेनियस

**Ans. (b) :** हॉर्टशोर्न का यह मत था कि भूगोल और इतिहास गैर-समान जुड़वा हैं। किसी क्षेत्र में एक समय से दूसरे समय में होने वाले भौगोलिक परिवर्तनों के अध्ययन को ऐतिहासिक भूगोल कहते हैं। हॉर्टशोर्न के अनुसार "ऐतिहासिक भूगोल भूतकाल का भूगोल है"।

**13. Cape Verde is an archipelago, which is located in -/केप वर्डे एक द्वीप समूह है, जो कि अवस्थित है-**

(a) Pacific Ocean/प्रशान्त महासागर में
(b) Atlantic Ocean/अटलांटिक महासागर में
(c) Arctic Ocean/आर्कटिक महासागर में
(d) Indian Ocean/हिन्द महासागर में

**Ans. (b)** केप वर्डे द्वीपसमूह अटलांटिक महासागर में सेनेगल, गैम्बिया और मॉरिटानिया के पास अफ्रीका महाद्वीप के पश्चिमी तट से लगभग 570 किमी. की दूरी पर स्थित है। आकार और जनसंख्या के आधार पर केप वर्डे द्वीप समूह का सबसे बड़ा द्वीप साओ टियागो है जिस पर देश की राजधानी प्राइया अवस्थित है।




**14. The Pochampad Dam is an Indian flood flow project on the Godavari river. It is also known by which of the following names? गोदावरी नदी पर पोचम्पाद बाँध एक भारतीय बाढ़ प्रवाह परियोजना है। जिसे निम्नलिखित में से किस और नाम से भी जाना जाता है?**

(a) Govind Vallabh Pant Sagar Project
गोविन्द वल्लभ पन्त सागर परियोजना

(b) Gandhi Sagar Project
गाँधी सागर परियोजना

(c) Rajiv Gandhi Sagar Project
राजीव गाँधी सागर परियोजना

(d) Sriram Sagar Project
श्रीराम सागर परियोजना

**Ans. (d) :** गोदावरी नदी पर पोचम्पाद बाँध एक बाढ़ प्रवाह परियोजना है जिसे श्रीराम सागर परियोजना के नाम से भी जाना जाता है। यह परियोजना तेलंगाना में गोदावरी नदी पर स्थित है जिससे करीमनगर, वारंगल, आदिलाबाद, नलगोंडा और खम्मन जिलों में सिचाईं की जाती है। यह वारंगल शहर को पेयजल भी उपलब्ध करता है। इससे 36 मेगावाट जल विद्युत भी प्राप्त होती है।

**15. 'Polar fleeing force' is related to which of the following?/'पोलर फ्लीइंग बल' निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?**

(a) Tidal force/ज्वारीय बल

(b) Gravitational force/गुरुत्वाकर्षण बल

(c) Revolution of the earth/पृथ्वी का परिक्रमण

(d) Rotation of the earth/पृथ्वी का घूर्णन

**Ans. (d) :** पोलर फ्लीइंग बल का सम्बन्ध पृथ्वी के घूर्णन से है। वेगनर के अनुसार महाद्वीपीय विस्थापन के दो कारण है
(i) पोलर या ध्रुवीय फ्लीइंग बल (ii) ज्वारीय बल। ध्रुवीय फ्लीइंग बल, पृथ्वी के घूर्णन से संबंधित है। पृथ्वी की आकृति एक सम्पूर्ण गोले जैसी नही है, वरन् यह भूमध्यरेखा पर उभरी हुई है। यह उभार पृथ्वी के घूर्णन के कारण है। दूसरा बल जो वेगनर महोदय ने बताया था ज्वारीय बल, वह सूर्य व चन्द्रमा के आकर्षण से संबंधित है, जिससे महासागरों में ज्वार पैदा होते हैं। वेगनर का मानना था कि करोड़ों वर्षों के दौरान ये बल प्रभावशाली होकर विस्थापन के लिए सक्षम हो गए।

**16. Which one of the following mountain ranges is situated in between black sea and Caspian sea?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी एक पर्वत श्रेणी काला सागर और कैस्पियन सागर के बीच स्थित है?**


(a) Ural mountains
यूराल पर्वत

(b) Carpathian mountains
कार्पेथियन पर्वत

(c) Caucasus mountains
काकेशस पर्वत

(d) Balkan mountains
बाल्कन पर्वत

**Ans. (c) :** काकेशस पर्वत श्रेणी काला सागर और कैस्पियन सागर के मध्य स्थित एक नवीन वलित पर्वत है जिसका सर्वोच्च शिखर माउण्ट एल्ब्रुश (5642 मी.) है जो यूरोप की सर्वोच्च चोटी है। यह यूरोप तथा एशिया के मध्य अवस्थित है।



**17. Who is the author of the book 'Origin of Species'?**
**'ओरिजन ऑफ स्पीसीज' पुस्तक के लेखक कौन हैं?**

(a) A.G. Tansley/ए.जी.टान्सले

(b) E.P. Odum/ई.पी.ओडम

(c) Charles Darwin/चार्ल्स डार्विन

(d) F.Ratzel/एफ.रेटजेल

**Ans. (c) :** प्रजातियों की उत्पत्ति से सम्बन्धित चार्ल्स डार्विन का पुस्तक **Origin of species** उल्लेखनीय है। डार्विन का सिद्धान्त प्रजातियों के क्रमिक/प्रगामी विकास की संकल्पना से सम्बन्धित है। ज्ञातव्य है कि डार्विन तथा अल्फ्रेड रसेल वैलास ने इस विषय के साथ-साथ अपने शोध पत्रों को भी प्रस्तुत किया था। डार्विन ने प्राकृतिक चयन तथा योग्यतम की उत्तरजीविता द्वारा प्रजातियों का उद्भव तथा विकास को बताया था। विश्व के जन्तु प्रदेशों में विभाजित करने का प्रथम प्रयास ए.आर. वैलास ने 1876 ई. में किया था।

**18. Which one of the following is not a base of 'Plate Tectonic Theory'?**
**निम्नलिखित में से कौन एक 'प्लेट विवर्तनिक सिद्धांत' का आधार नहीं है?**

(a) Palaeomagnetism/पुराचुम्बकत्व

(b) Seafloor spreading/सागर नितल का प्रसरण

(c) Pre-historic global climate change
प्रागैतिहासिक काल में वैश्विक जलवायु परिवर्तन

(d) Rotation of poles/ध्रुवों का घूर्णन

**Ans. (d) :** स्थलीय दृढ़ भूखण्ड को प्लेट कहते हैं। इन प्लेटों के स्वभाव तथा प्रवाह से सम्बन्धित अध्ययन को प्लेट विवर्तनिकी कहते है। प्लेट टेक्टानिक सिद्धान्त के मुख्यत: दो आधार है-पुराचुम्बकत्व या महाद्वीपीय प्रवाह सिद्धान्त एवं सागर नितल का प्रसरण। मैकेन्जी ने वेगनर के प्रागैतिहासिक काल में जलवायु परिवर्तन के साक्ष्य को भी आधार माना है परन्तु प्लेट विवर्तनिकी सिद्धान्त ध्रुवों के घूर्णन को आधार नहीं मानता।

**19. Which among the following pair of countries was the largest market for India's agricultural products during 2020-21?**
**2020-21 के दौरान निम्नलिखित में से कौन-से देश युग्म भारत के कृषि उत्पादों के सबसे बड़े बाजार थे?**

(a) United States of America and China
संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन

(b) China and Vietnam/चीन और वियतनाम

(c) Bangladesh and China/बांग्लादेश और चीन
(d) United states of America and Saudi Arabia
संयुक्त राज्य अमेरिका और सऊदी अरब

**Ans. (a) :** 2020-21 के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन भारत के कृषि उत्पादों के सबसे बड़े बाजार थे।

**20. Which one of the following is the highest altitude cloud?**
**निम्नलिखित में सबसे ऊँचा बादल कौन सा है?**
(a) Cirrus/पक्षाभ (b) Stratus/स्तरी
(c) Nimbus/वर्षा मेघ (d) Cumulus/कपासी

**Ans. (a) :** पक्षाभ मेघ वायुमण्डल में सर्वाधिक ऊँचाई (6000 मी.से 20000 मी.) पर पाये जाते हैं। इनका निर्माण हिमकणों द्वारा होता है। इनका रंग उजला एवं आकृति पक्षी के पंखों के समान होती है। इनसे न तो धरातल पर छाया बनती है एवं न ही वर्षा होती है। ये चक्रवात के आगमन के सूचक होते है। तापमान के ओसांक से नीचे गिरने के कारण बादलों का निर्माण होता है। अन्तर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान परिषद द्वारा मेघों को 10 वर्गों में विभक्त किया गया है।

**21. The structural bench is formed due to which of the following actions?**
**संरचनात्मक सोपान (बेंच) का निर्माण निम्नलिखित में से किस क्रिया के द्वारा होता है?**
(a) Uniform erosion of uniformly arranged same rocks in stream valley/नदी घाटी के समान रूप से व्यवस्थित चट्टानों का समान अपरदन
(b) Differential erosion of the horizontally arranged hard and soft rocks in steam valley/नदी घाटी में क्षैतिज रूप से व्यवस्थित कठोर और मुलायम चट्टानों का असमान अपरदन
(c) Differential erosion by wind in desert
रेगिस्तान में वायु द्वारा असमान निक्षेपण
(d) Uniform deposition of moraines by glacier
हिमनद द्वारा हिमोढ़ का समान निक्षेपण

**Ans. (b) :** नदी के मार्ग में कभी-कभी कठोर तथा मुलायम चट्टानों की परतें क्रम से एक दूसरे के बाद क्षैतिज अवस्था में मिलती हैं। इस परिस्थिति में नदी द्वारा विशेषक अपरदन द्वारा कठोर तथा मुलायम चट्टानों का कटाव विभिन्न दर से होता है। कठोर चट्टानों की अपेक्षा कोमल चट्टानें शीघ्र कट जाती हैं तथा कठोर व प्रतिरोधी चट्टानें निकली रहती हैं। इस तरह विशेषक अपरदन द्वारा सोपानाकार सीढ़ियों का नदी की घाटी के दोनों ओर निर्माण हो जाता है। प्राय: इन्हें सोपान कहा जाता है परन्तु इन सोपानों को नदी वेदिकाओं से अलग करने के लिए संरचनात्मक सोपान की संज्ञा प्रदान की जाती है, क्योंकि इनके निर्माण में एकमात्र चट्टानों की कठोरता एवं कोमलता का हाथ रहता है।

**22. Koppen's system of classification of climates can be termed as-/जलवायु के वर्गीकरण से संबधित कोपेन की पद्धति को कहा जाता है-**
(a) Applied/अनुप्रयुक्त
(b) Systematic/व्यवस्थित
(c) Genetic/जननिक
(d) Empirical/आनुभवात्मक

**Ans. (d) :** कोपेन द्वारा विकसित की गयी जलवायु के वर्गीकरण की पद्धति को आनुभवात्मक कहा जाता है। कोपेन ने वनस्पति के वितरण और जलवायु के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध की पहचान की, कोपेन ने तापमान तथा वर्षण के कुछ निश्चित मानों का चयन करते हुए उनका वनस्पति के वितरण से सम्बन्ध स्थापित किया और इन मानों का उपयोग जलवायु के वर्गीकरण के लिए किया। जो वर्षा एवं तापमान के मध्यमान वार्षिक एवं मध्यमान मासिक आँकड़ो पर आधारित एक आनुभविक पद्धति है। जलवायु का वर्गीकरण तीन वृहत उपागमों द्वारा किया जाता है वे है- आनुभविक, जननिक एवं अनुप्रयुक्त।

**23. Which of the following state is not a part of Ganga basin?/निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य गंगा बेसिन का हिस्सा नहीं है?**
(a) Himanchal Pradesh/हिमाचल प्रदेश
(b) Chhattisgarh/छत्तीसगढ़
(c) Jharkhand/झारखण्ड
(d) Sikkim/सिक्किम

**Ans. (d) :** सिक्किम राज्य गंगा बेसिन का भाग नहीं है। तीस्ता नदी ब्रह्मपुत्र की सहायक नदी है जो सिक्किम में प्रवाहित होती है अत: सिक्किम ब्रह्मपुत्र बेसिन का भाग है। जबकि छत्तीसगढ़, झारखण्ड तथा हिमांचल प्रदेश गंगा बेसिन का हिस्सा है।

**24. Which of the following oceanic current is warm oceanic current?/निम्नलिखित में से कौन-सी समुद्री धारा गर्म समुद्री धारा है?**
(a) Benguela current/बेंगुला धारा
(b) Brazil current/ब्राजील धारा
(c) Canary current/कनारी धारा
(d) Labrador current/लैब्राडोर धारा

**Ans. (b) :** ब्राजील धारा दक्षिणी अटलांटिक महासागर की उच्च तापमान तथा उच्च लवणता वाली गर्म धारा है। इसका आविर्भाव दक्षिण विषुवत रेखीय धारा के सनराक के पास ब्राजील तट से टकराकर द्विशाखन के कारण होता है। एक शाखा उत्तर की ओर मुड़कर उत्तरी विषुवत रेखीय धारा में मिल जाती है, जबकि दक्षिणी शाखा ब्राजील धारा के नाम से दक्षिणी अमेरिका के तट के समानान्तर 40° दक्षिणी अक्षांश तक प्रवाहित होती है। जबकि बेंगुला द. अटलांटिक की शीत धारा, कनारी उ. अटलांटिक की शीत धारा, एवं लैब्राडोर उ. अटलांटिक की शीत महासागरीय धारा है।

**25. The famous book 'The Postmodern Condition' is written by-/प्रसिद्ध पुस्तक 'पोस्ट-मॉडर्न कन्डीशन' को किसने लिखा है?**
(a) Jean Francois Lyotard/जीन फ्रैंकोइस लियोटार्ड
(b) Wright Mill/राइट मिल
(c) Michel Foucault/माइकल फोकॉल्ट
(d) C.V. Scott/सी.वी.स्कॉट

**Ans. (a)** प्रसिद्ध पुस्तक पोस्ट-मॉर्डन कन्डीशन के लेखक जीन फ्रैंकोइस लियोटार्ड हैं।

**26. The credit for development of Behavioural Geography mainly goes to which of the following scholars?**
**निम्नलिखित में से किस विद्वान को प्रमुख रूप से आचारपरक भूगोल के विकास का श्रेय जाता है?**
(a) Kenneth Boulding/कैनेथ बोल्डिंग
(b) S.J. Gould/एस.जे. गोल्ड
(c) W. Kirk/डब्ल्यू. किर्क
(d) G. F. White/जी.एफ. ह्वाइट

**Ans. (c) :** 1960 के दशक के अन्तिम चरण में मानवीय तथ्यों के भौगोलिक विश्लेषण में व्यक्ति के आचरण (व्यवहार) पर अधिक बल दिया जाने लगा। भूगोल में आचारपरक उपागम का प्रयोग एवं विकास सर्वप्रथम विलियम किर्क ने 1963 ई. में किया था। किर्क ने आचारपरक उपागम का विकास प्रत्यक्षवाद या मात्रात्मक क्रान्ति के विरोध में किया। 1970 के दशक में आचारपरक उपागम मानव भूगोल के अध्ययन का प्रमुख उपागम बन गया। आचारपरक भूगोल वे विकास में गोलिज, काक्स, गोल्ड एवं गुडी आदि विद्वानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

**27. Match list-I with list-II and select the correct answer from the code given below the lists-**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| List-I (Waterfall)/सूची (जलप्रपात) | | List-II (Location) (अवस्थिति) | |
|---|---|---|---|
| A. | Dudhsagar/ दूधासागर | A. | Karnataka कर्नाटक |
| B. | Barkana/बरकाना | B. | Odisha/ओडिशा |
| C. | Khandadhar/ खण्डाधार | C. | Himachal Pradesh/हिमाचल प्रदेश |
| D. | Palani/पलानी | D. | Goa/गोवा |

**Code :/कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 | (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 | (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**Ans. (a) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है।

| जलप्रपात | | अवस्थिति |
|---|---|---|
| दूधसागर | - | गोवा |
| बरकाना | - | कर्नाटक |
| खण्डाधार | - | ओडिशा |
| पलानी | - | हिमाचल प्रदेश |

**28. Biodiversity richest area in the world is-**
**विश्व का सर्वाधिक जैव विविधता समृद्ध क्षेत्र है-**
(a) Tropical region/उष्ण कटिबंधीय क्षेत्र
(b) Polar region/ध्रुवीय क्षेत्र
(c) Temperate region/शीतोष्ण क्षेत्र
(d) Ocean/महासागर

**Ans. (a) :** विश्व की सर्वाधिक जैव विविधता उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों में पायी जाती है। इसका विस्तार 10° उ. से 10° द. अक्षांशों के मध्य पाया जाता है। इन क्षेत्रों में पादप तथा प्राणियों के विकास तथा वृद्धि के लिए अनुकूलतम दशाएँ पाई जाती हैं क्योंकि यहाँ पर वर्ष भर उच्च वर्षा तथा तापमान पाया जाता है। इसी कारण इसको 'अनुकूलित बायोम' भी कहा जाता है।

**29. ASEAN was established in the year 1967 in which of the following country?**
**वर्ष 1967 में आसियान की स्थापना निम्नलिखित में से किस देश में हुई थी?**
(a) Thailand/थाईलैंड (b) Singapore/सिंगापुर
(c) Indonesia/इंडोनेशिया (d) Malaysia/मलेशिया

**Ans. (a) :** आसियान की स्थापना 8 अगस्त सन् 1967ई. को थाईलैण्ड की राजधानी बैंकाक में की गयी थी जो दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का एक संगठन है। इसका मुख्यालय जकार्ता में स्थित है इसके सदस्य देशों में इंडोनेशिया, थाईलैण्ड, सिंगापुर, मलेशिया, फिलीपीन्स, वियतनाम, म्यांमार, कम्बोडिया, ब्रुनेई और लाओस है।

**30. Which of the following effect is not related with the depletion of ozone?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा प्रभाव ओजोन के क्षयीकरण से सम्बन्धित नहीं है?**
(a) Increase in moisture of soil and amount of rainfall/वर्षा की मात्रा व मिट्टी की नमी में वृद्धि
(b) Decline in resistance against diseases in humans/मानव में रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी
(c) Increase in temperature/ तापमान में वृद्धि
(d) Adverse effect on species of bio-group जैव- समुदाय की प्रजातियों पर विपरीत प्रभाव

**Ans. (a) :** ओजोन परत सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैगनी किरणों को अवशोषित कर पृथ्वी पर सभी जीव जन्तुओं की रक्षा करती है। ओजोन परत क्षयीकरण से मानव में रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी, वायुमण्डल एवं पृथ्वी पर तापमान में वृद्धि से जैव समुदाय व प्रजातियों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा तथा वर्षा की मात्रा में कमी हो जायेगी एवं तापमान में वृद्धि से सभी ग्लेशियर पिघल जायेंगे जिससे समस्त पृथ्वी डूब जायेगी।

**31. Which one of the following is the largest Emirate of United Arab Emirates in terms of area?**
**क्षेत्रफल के आधार पर संयुक्त अरब अमीरात में सबसे बड़ा अमीरात निम्नलिखित में से कौन-सा है?**
(a) Sharjah/शारजाह (b) Dubai/दुबई
(c) Abu Dhabi/अबू धाबी (d) Ajman/अजमान

**Ans. (c) :** संयुक्त अरब अमीराम सात शेख राज्यों से मिलकर बना है। अबूधाबी (67340 वर्ग किमी.), दुबई (3885 वर्ग किमी.), शारजाह (2590 वर्ग किमी.), रास अल खेमा (1684 वर्ग किमी.), फुजइराह (1165) वर्ग किमी.) उम्म अल कुवैन (777 वर्ग किमी.) अजमान (259 वर्ग किमी.) अबूधाबी इसकी राजधानी तथा दुबई पश्चिम एशिया का सबसे बड़ा बन्दरगाह है। अत: क्षेत्रफल के आधार पर अबूधाबी संयुक्त अरब अमीरात का सबसे बड़ा अमीरात (क्षेत्र) है।

32. **Correct sequence of the mountain ranges of Kashmir Himalaya from North to South is-**
**उत्तर से दक्षिण की ओर कश्मीर हिमालय पर्वत श्रृंखला का सही क्रम है-**

(a) Zanskar, Pir Panjal, Karakoram, Ladakh
जास्कर, पीर पंजाल, काराकोरम, लद्दाख


(b) Karakoram, Ladakh, Zanskar, Pir Panjal
काराकोरम, लद्दाख, जास्कर, पीर पंजाल

(c) Zanskar, Pir Panjal, Ladakh, Karakoram
जास्कर, पीर पंजाल, लद्दाख, काराकोरम

(d) Pir Panjal, Karakoram, Zanskar, Ladakh
पीर पंजाल, काराकोरम, जास्कर, लद्दाख

**Ans. (b) :** उत्तर से दक्षिण की ओर कश्मीर हिमालय पर्वत श्रृंखला का सही क्रम है काराकोरम, लद्दाख, जास्कर, पीर पंजाल।

**कश्मीर हिमालय पर्वत श्रृंखला का उत्तर से दक्षिण क्रम**



33. **Consider the following statements and which is/are correct? Select the correct answer from the code given below-**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा उनमें से कौन सा/से सही है/ हैं? सही उत्तर नीचे दिए गए कूट से चुनिए-**

1. **Ptolemy believed that prime meridian passes through the Bermuda passes through the Bermuda Island./टॉलेमी का मत था कि प्रमुख यामोत्तर बरमूडा द्वीप से होकर गुजरती है।**
2. **Ptolemy believed that Agisymba (Ceylon) forms the southern boundary of the world./ टॉलेमी का विश्वास था अगिस्याम्बा (सीलोन) विश्व की दक्षिणी सीमा बनाता है।**

**Code :/कूट :**

(a) 1 only/केवल 1

(b) 2 only/केवल 2

(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों

(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 ना ही 2

**Ans. (d) :** टॉलमी ने विश्व मानचित्र रचना के लिए संशोधित शंक्वाकार प्रक्षेप का निर्माण किया था। इसके लिए पृथ्वी को 360° देशान्तरों में विभक्त किया गया है, किन्तु ज्ञात संसार (पूर्वी गोलार्द्ध) को प्रदर्शित करने के लिए मानचित्र को 180° देशान्तर पर बनाया गया था। मध्यान प्रधान काल्पनिक रेखा सौभाग्य द्वीपो (कनारी द्वीप) के पास से गुजराती दिखायी गयी थी। अत: कथन (1) और (2) असत्य है।

टॉलमी की प्रसिद्ध पुस्तकें-

| | |
|---|---|
| (i) अलमागेस्ट | (ii) ज्योग्राफिया |
| (iii) ग्रहीय परिकल्पना | (iv) एनालिमा |

34. **An inverted boat like depositional landform in a glaciated region is known as-**
**हिमानीकृत प्रदेश में उल्टी नौका के समान की निक्षेपणात्मक स्थलाकृति को कहा जाता है-**

(a) Hanging valley/लटकती घाटी

(b) Drumlin/ड्रमलिन


(c) Nunatak/नुनाटक

(d) Crag and tail/श्रृंग एवं पुच्छ

**Ans. (b) :** हिमनद के निक्षेप द्वारा निर्मित स्थलरूपों में ड्रमलिन गोलाश्म मृत्तिका द्वारा निर्मित एक प्रकार के ढेर या टीले होते हैं, जिनका आकार उल्टी नौका या कटे हुए उल्टे अण्डे के समान होता है।

**हिमनद द्वारा अपरदित स्थलरूप-** U आकार की घाटी, सर्क या हिमगह्वर, लटकती घाटी, टार्न, अरेत या तीक्ष्ण कटक, हार्न या गिरिश्रृंग, नुनाटक, श्रृंग पुच्छ, भेड़पीठ शैल या रॉश-मुटोने, हिमसोपान फियोर्ड आदि।

**हिमनद द्वारा निक्षेपणात्मक स्थालाकृतियाँ-**हिमोढ़ ड्रमलिन, एस्कर केम, केटिल, हमक तथा हिमनद अपक्षेप आदि।




35. **The correct sequence of the following seas from West to East is-**
**निम्नलिखित सागरों का पश्चिम में पूर्व सही क्रम है-**

(a) Caspian sea, Mediterranean sea, Black sea, Aral sea/कैस्पियन सागर, भूमध्य सागर, काला सागर, अरल सागर

(b) Black sea, Mediterranean sea, Caspian, sea, Aral sea/काला सागर, भूमध्य सागर, कैस्पियन सागर, अरल सागर

(c) Black sea, Mediterranean sea, Aral sea, Caspian sea/काला सागर, भूमध्य सागर, अरल सागर, कैस्पियन सागर

(d) Mediterranean sea, Black sea, Caspian sea, Aral sea/भूमध्य सागर, काला सागर, कैस्पियन सागर, अरल सागर

**Ans. (d) :** पश्चिम से पूर्व सागरों का सही क्रम
भूमध्य सागर→ काला सागर→ कैस्पियन सागर→ अरल सागर इस प्रकार है–

**36. Match list-I with list-II and select the correct answer from the code given below:**
**सूची -I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| | List-I (Waterfall) सूची- I (जल प्रताप) | | List-II (Country) सूची- II (देश) |
|---|---|---|---|
| A. | Inga fall/इंगा प्रताप | 1. | Brazil/ब्राजील |
| B. | Paulo Afonso falls पाउलो अफोंसो प्रपात | 2. | Canada /कनाडा |
| C. | Vermilion Fall/वर्मिलियन प्रपात | 3. | India/भारत |
| D. | Shivanasamudra fall/शिवानासमुद्र प्रपात | 4. | D.R. Congo/ डी.आर.कांगो |

**Code :/कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 | (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 1 | 4 | 2 | (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**Ans. (b) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है।

| जल प्रपात | | देश |
|---|---|---|
| इंगा प्रपात | - | डी.आर.कांगों |
| पाउलो अफोंसो प्रपात | - | ब्राजील |
| वर्मिलियन प्रपात | - | कनाडा |
| शिव समुद्रम प्रपात | - | भारत |

**37. Consider the following statements and select the correct answer from the code given below-**
**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए-**

**(i) There is a gradual increase in the velocity of the seismic waves at the base of lower crust.//क्रस्ट की निचली परत के नीचे भूकम्पीय तरंगों के वेग में क्रमिक वृद्धि होती है।**

**(ii) The average density of the rocks of the lower crust is greater than of the upper crustal rocks./क्रस्ट की निचली परत की चट्टानों का औसत घनत्व क्रस्ट की ऊपरी परत से अधिक होता है।**

**(iii) The outer core of the earth is in the molten form. /पृथ्वी की बाह्य अंतरतम (कोर) गलित (मोल्टन) अवस्था में है।**

**(iv) The mantle boundary is determined by Moho- discontinuity. /पृथ्वी के मैन्टल और अंतरतम (कोर) की सीमा का निर्धारण मोहो- असम्बद्धता द्वारा होता है।**

**Code :/कूट :**

(a) (iii) and (iv) are correct/(iii) और (iv) सही हैं।
(b) (i) and (ii) are correct/(i) और (ii) सही हैं।
(c) (ii) and (iii) are correct/(ii) और (iii) सही हैं।
(d) (i) and (iii) are correct/(i) और (iii) सही हैं।

**Ans. (c) :** क्रस्ट के निचले आधार पर भूकम्पीय तरंगों की गति में अचानक वृद्धि हो जाती है पर यह क्रमिक नहीं होती क्योंकि ऊपरी मैण्टल में 100 से 200 किमी. की गहराई में भुकम्पीय लहरों की गति मन्द पड़ जाती है। इस भाग को निम्न गति मण्डल कहते हैं। अत: कथन (i) असत्य है। क्रस्ट की निचली परत की चट्टानों का घनत्व 3.0 है एवं ऊपरी क्रस्ट का औसत घनत्व 2.8 है। अत: कथन (ii) सत्य है। बाह्य अन्तरतम (कोर) का विस्तार 2900 किमी. से 5150 किमी. की गहराई के बीच है। इस मण्डल में भूकम्पीय 'S' लहर प्रविष्ट नहीं हों पाती अत: यह मण्डल तरल अवस्था में हैं। इस प्रकार कथन (iii) सत्य है। पृथ्वी के मैंटल और अन्तरतम (कोर) की सीमा का निर्धारण मोहो असम्बद्धता के सहारे होता है। अत: कथन (iv) असत्य है।
पृथ्वी के आन्तरिक भाग में असम्बद्धतायें-
**कोनार्ड असम्बद्धता -** ऊपरी क्रस्ट एवं निचली क्रस्ट के मध्य।
**मोहोरोविकिक असम्बद्धता-** निचली क्रस्ट एवं ऊपरी मैंटल के मध्य
**रेपेटी असम्बद्धता-** ऊपरी मैंटल एवं निचला मैंटल के मध्य।
**गुटेनवर्ग असम्बद्धता -** निचली मैंटल एवं बाह्य कोर के मध्य।
**लेहमन असम्बद्धता -** बाह्य एवं आन्तरिक कोर के मध्य।

**38. Match list-I with list-II and select the correct answer from the code given below the list-**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| | List-I (Name of Local wind) सूची-I (स्थानीय पवन का नाम) | | List-II (Area/country) सूची-II (क्षेत्र/देश) |
|---|---|---|---|
| A. | Foehn/फॉन | 1. | Argentina अर्जेंटीना |
| B. | Levanter/लिवैन्टर | 2. | Spain/स्पेन |
| C. | Santa Ana/सान्ता आना | 3. | California कैलिफोर्निया |
| D. | Zonda/जोण्डा | 4. | Switzerland स्विट्जरलैंड |

**Code :/कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 | (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 | (d) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**Ans. (b) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है।

| स्थानीय पवन | | क्षेत्र/देश |
|---|---|---|
| फॉन | - | स्विट्जरलैण्ड |
| लिवैन्टर | - | स्पेन |
| जोण्डा | - | अर्जेन्टीना |
| सान्ताआना | - | कैलिफोर्निया |

39. **Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and other is Reason (R)-**
**नीचे दो कथन दिए गए हैं जिसमें से एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है-**

**Assertion (A) : Low pressure belt is found between 60° to 65° latitude in both hemispheres.**
**अभिकथन (A) दोनों, गोलार्द्धों के 60° से 65° अक्षांशों में निम्न वायुदाब पेटियाँ होती हैं।**

**कारण : (R) निम्न दाब क्षेत्र भूमि पर नहीं बल्कि महासागरों पर स्थायी होते हैं।**

**Reason (R) : The low pressure belts are permanent on the ocean not on the land.**
**Select the correct answer from the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**Code :/कूट :**

(a) Both (A) and (R) are correct and (R) is the true explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) Both (A) and (R) are correct but (R) is not true explanation of (A)/(A) और (R) दोनों सही है परन्तु (R) (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।
(c) (A) is true but (R) is false
(A) सत्य है परन्तु (R) गलत है
(d) (A) is false but (R) is true
(A) गलत है परन्तु (R) सही है।

**Ans. (b) :** दोनों गोलार्द्धों में 60° से 65° अक्षांशों के बीच उप-ध्रुवीय निम्न वायुदाब पेटी का विस्तार पाया जाता है। यह वायुदाब गर्मियों में अधिक विस्तृत रहता है पर जाड़ों में लुप्त हो जाता है। भूमि के शीघ्र गर्म एवं शीतल होने के कारण निम्न दाब क्षेत्र भूमि पर नहीं बल्कि महासागरों पर स्थायी होते हैं। जैसे दक्षिणी गोलार्द्ध में महासागरों पर न्यून वायुदाब वाली पछुआ पवनें वर्ष भर प्रवाहित होती हैं जिससे इन्हे 40° द. अक्षांश पर गरजता चालीसा, 50° द. अक्षाशों पर भयंकर पचासा तथा 60° द. अक्षाशों पर चीखती साठा कहते हैं। अत: दोनों विकल्प सत्य हैं जबकि कारण कथन की व्याख्या नहीं कर रहा है।

40. **Which among the following is the cause of occurrence of 'coriolis effect'?**
**निम्नलिखित में से कौन 'कोरिओलिस प्रभाव' का कारण है?**

(a) Rotation of the earth on its axis only
केवल अपनी धुरी पर पृथ्वी का घूमना
(b) Revolution of the earth around the sun only
केवल सूर्य के चतुर्दिक पृथ्वी की परिक्रमा
(c) Rotation and Revolution of the earth
पृथ्वी का घूर्णन एवं परिभ्रमण
(d) Temperature and pressure gradient
ताप एवं दाब प्रवणता


**Ans. (a) :** धरातल पर पछुआ हवाओं की दिशा तथा वायुदाब पृथ्वी की घूर्णन गति द्वारा निर्धारित होती है। यदि पृथ्वी में अक्षीय गति नहीं होती, तो हवाएं समदाब रेखाओं के समकोण की दिशा में प्रवाहित होती परन्तु पृथ्वी की अक्षीय गति के कारण हवाओं की दिशा में विक्षेप हो जाता है। इस परिवर्तनकारी बल को विक्षेप बल कहा जाता है। आगे चलकर विद्वान कोरिआलिस के नाम पर इसे कोरिआलिस बल कहा जाने लगा। इस विक्षेप बल के कारण उत्तरी गोलार्द्ध में सभी हवाएं प्रवणता की दिशा के दाहिनी ओर तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में बायीं ओर मुड़ जाती है।

41. **Sequence of energy transfer from the organisms of lower trophic level to the upper or higher trophic levels, in a natural ecosystem is called-/प्राकृतिक पारिस्थितिकी तन्त्र में, निम्न पोषण स्तर के जीवों से आहार ऊर्जा का उच्च पोषण स्तर के जीवों के स्थानान्तरण के क्रम को कहते हैं-**

(a) Food chain/आहार शृंखला
(b) Food web/आहार जाल
(c) Energy pyramid/ऊर्जा पिरामिड
(d) Autotrophic component/स्वपोषी संघटक

**Ans. (a) :** प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र में निम्न पोषण स्तर के जीवों से आहार ऊर्जा का उच्च पोषण स्तर के जीवों में स्थानान्तरण के क्रम को 'आहार शृंखला' कहते हैं। खाद्य शृंखला या आहार शृंखला विभिन्न प्रकार के जीवधारियों का एक ऐसा क्रम है जिससे किसी पारिस्थितिक तंत्र में उर्जा का प्रवाह होता है।

**खाद्य शृंखला प्रतिरूप**




42. **In which of the following states of India do we find 'As' type of climate as per Koeppen's classification?**
**कोपेन के वर्गीकरण के अनुसार भारत में 'As' प्रकार की जलवायु कहाँ पायी जाती है?**

(a) In Kerala and Coastal Karnataka
केरल एवं तटीय कर्नाटक में
(b) In Andaman and Nicobar Islands
अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह में
(c) On Coromandel Coast/कोरोमण्डल तट पर
(d) In Assam and Arunachal Pradesh
असोम और अरुणाचल प्रदेश में

**Ans. (c) :** कोपेन ने भारत की जलवायु का वर्गीकरण तापमान तथा वर्षण के मासिक मानों के आधार पर किया है और उन्होने इसे पाँच प्रकारों में विभाजित किया। कोपेन के वर्गीकरण के अनुसार भारत में ''As'' प्रकार की जलवायु कोरोमंडल तट पर पायी जाती है।

**कोपेन की योजना के अनुसार भारत के जलवायु प्रदेश**

| जलवायु के प्रकार | क्षेत्र |
|---|---|
| Amw | गोवा के दक्षिण में भारत का पश्चिम तट |
| As | तमिलनाडु का कोरोमंडल तट |
| Aw | कर्क वृत्त के दक्षिण में प्रायद्वीपीय भारत का अधिकांश भाग |
| BShw | उ. प. गुजरात, प. राजस्थान, और पंजाब का कुछ भाग |
| BWhw | राजस्थान का सबसे पश्चिमी भाग |
| Cwg | गंगा का मैदान, पूर्वी राजस्थान, उत्तरी म.प्र. |
| Dfc | अरुणाचल प्रदेश |
| E | जम्मू कश्मीर, हिमांचल प्रदेश, और उत्तराखण्ड |

**43. Which of the following oil fields are not situated in Iraq?/निम्नलिखित में से कौन से तेल क्षेत्र इराक में स्थित नहीं हैं?**

**1. Kirkuk/किरकुक** **2. Marun/मारून**
**3. Zubayr/जुबैर** **4. Ghawar/घवार**

**Code :/कूट :**

(a) 1 and 2/1 और 2 (b) 2 and 3/2 और 3
(c) 2 and 4/2 और 4 (d) 3 and 4/3 और 4

**Ans. (c) :** विश्व के प्रमुख तेल क्षेत्रों के देशों के नाम निम्न है।

| देश | | तेल क्षेत्र |
|---|---|---|
| इराक | - | किरकुक, मोसुल, बसरा, जुबैर |
| सऊदी अरब | - | घावर, दम्मान, कातिफ, आबकाइक |
| ईरान | - | मारून, आगाजरी, नफ्त शफिद, मस्जिदे सुलेमान |
| वेनेजुएला | - | मराकाइबो, ओरिनीको आदि। |

**44. Which among the following gases comes out in maximum amount in terms of percentage during a volcanic eruption?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी गैस ज्वालामुखी उदगार के दौरान प्रतिशत में अधिकतम मात्रा में निकलती है?**

(a) Sulphur dioxide/सल्फर डाई ऑक्साइड
(b) Carbon dioxide/कार्बन डाई ऑक्साइड
(c) Carbon monoxide/कार्बन मोनो ऑक्साइड
(d) Water vapour/जल वाष्प

**Ans. (d) :** सर्वप्रथम जब ज्वालामुखी का उद्भेदन होता है तो गैस बड़े जोरों के साथ भूपटल को तोड़ करके धरातल पर प्रकट होती है। इन गैसों में सर्वाधिक प्रतिशत जलवाष्प का होता है। सम्पूर्ण ज्वालामुखी गैस का 60% से 90% भाग इसी जलवाष्प द्वारा पूरा होता है। जलवाष्प के अलावा कार्बन डाई ऑक्साइड, नाइट्रोजन, सल्फर डाई ऑक्साइड आदि का महत्वपूर्ण योग होता है। ज्वालामुखी से निस्सृत बड़े-बड़े टुकड़ों को 'बम', मटर के दाने या अखरोट के आकार वाले टुकड़ो को 'लैपिली' कहते हैं। जब पिघला हुआ मैग्मा द्रव के रूप में बाहर आता है तो उसे लावा कहा जाता है।

**45. Which of the following is not an erosional landform of under-ground water?**
**निम्नलिखित में से कौन भूमिगत जल के अपरदन से निर्मित स्थलाकृति नहीं है?**

(a) Terra rossa/टेरा-रोसा (b) Sink holes/घोल रन्ध्र
(c) Geoid/जियोड (d) Dolines/डोलाइन

**Ans. (c) :** भूमिगत जल द्वारा अपरदन का कार्य घुलन क्रिया, जलगति क्रिया, अपघर्षण एवं सन्निघर्षण के प्रक्रमों के माध्यम से पूर्ण होता है। भूमिगत जल द्वारा अपरदनात्मक स्थलरूप-लैपीज (टेरा-रोसा), घोल रंध्र, डोलाइन, कार्स्ट खिड़की, युवाला, पोल्जे, धसती निवेशिका, अन्धी घाटी, कन्दरा या गुफा, पोनार फूपक, प्राकृतिक पुल, आदि। भूमिगत जल द्वारा निक्षेपात्मक स्थलरूप-(चूना पत्थर से निर्मित कन्दराओं में सभी प्रकार के निक्षेपों के सम्मिलित रूप से निर्मित स्थलरूप स्पीलिओथेम कहा जाता है) स्टैलेक्टाइट तथा स्टैलेग्माइट, कन्दरा स्तम्भ आदि। जियोड का सम्बन्ध पृथ्वी की आकृति से है भूमिगत जल से जियोड का सम्बन्ध नहीं है।

**46. Consider the following statements regarding the growth of coral reefs. Select correct answer from the code given below the statements-**
**प्रवाल भित्तियों के विकास के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें और सही उत्तर कथनों के नीचे लिखे कूट से चुनिए-**

1. **Corals are formed mainly in tropical oceans and seas. /प्रवाल (कोरल) मुख्यतः उष्ण कटिबंधीय महासागर एवं सागर में बनते हैं।**
2. **Corals do not live in deeper water that is not more than 60-77 m below the sea level/प्रवाल गहरे सागरों में नही पाये जाते हैं, वे समुद्र तल के नीचे-60-77 मी. तक की गहराई तक पाये जाते हैं।**
3. **Oceanic salinity (27‰-30‰) is favourable for the growth of coral polyps.**
**27‰-30‰ महासागरीय लवणता मूँगा जन्तु की वृद्धि के लिए अनुकूल है।**
4. **Increase in temperature of the sea is best for the coral's algae because of which it become white in colour. /सागर के तापमान की वृद्धि मूँगा शैवाल के लिए अति उत्तम है, जिसके कारण वह सफेद रंग का हो जाता है।**

**Code :/कूट :**

(a) 1 and 2 are correct/1 और 2 सही है
(b) 2, 3 and 4 are correct/2, 3 और 4 सही है
(c) 1 and 4 are correct/1 और 4 सही हैं
(d) 1, 2 and 3 are correct/1, 2 और 3 सही है।

**Ans. (d) :** प्रवाल मुख्य रूप से उष्णकटिबन्धीय महासागरों में पाये जाते हैं, क्योंकि इनको जीवित रहने के लिए उच्च तापमान (20ºC से 21ºC) आवश्यक होता है। परन्तु स्मरणीय है कि प्रवाल न तो अति उष्ण जल और न अति शीत जल में पनपते हैं। प्रवाल कम गहराई 200 से 250 फीट या 60 से 77मी. तक पाये जाते हैं। अत्यधिक सागरीय लवणता प्रवालों के विकास के लिए हानिकारक होती है। प्रवालों के समुचित विकास के लिए औसत सागरीय लवणता 27‰ से 30‰ होनी चाहिए। सागरीय तापमान में वृद्धि होने से प्रवाल विरंजन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो जाती है जिसके कारण प्रवाल सफेद रंग के हो जाते हैं, जिससे प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया अवरुद्ध हो जाती है और प्रवाल मर जाते हैं।

**47. With reference to Philippines, which of the following statement is/are correct?**
**फिलिपीन्स के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. **It comprises over 7000 islands.**
   **इसमें 7000 से अधिक द्वीप शामिल है।**
2. **Philippines is the only Christian nation in Asia./फिलिपीन्स एशिया का एकमात्र ईसाई राष्ट्र है।**

**Select the correct answer using the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**Code :/कूट :**

(a) 1 only/केवल 1
(b) 2 only /केवल 2
(c) Both 1 and 2/1 और 2 दोनों
(d) Neither 1 nor 2/न तो 1 ना ही 2

**Ans. (c) :** पश्चिमी प्रशान्त महासागर में अवस्थित फिलीपीन्स लगभग 7107 द्वीपों वाला देश है। यह देश एशिया महाद्वीप के महाद्वीपीय जलमग्न चबूतरे पर स्थित एक पहाड़ी देश हैं जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 2,99,764 वर्ग किमी. है। इस देश की राजधानी मनीला है जो फिलीपीन्स का सबसे बड़ा शहर है। फिलीपीन्स की कुल जनसंख्या का 86% रोमन कैथोलिक है यह एशिया का एकमात्र ईसाई राष्ट्र है। अतः कथन (1) और (2) सत्य है।
**नोट-** फिलीपीन्स में उष्णकटिबन्धीय घास का नाम कागोन है।

**48. The author of which of the following books is not an Arab geographer, 'Al-Biruni'?**
**निम्नलिखित पुस्तकों में से किसके लेखक अरब भूगोलवेत्ता, 'अल-बरूनी' नहीं हैं?**

(a) Kitab-ul-Hind/किताब-उल-हिन्द
(b) Kitab-ul-Kafi/किताब-उल-काफी
(c) Tarikh-ul-Hind/तारीख-उल-हिन्द
(d) Al-Qanun-al Masudi/अल-कानून-अल मसूदी

**Ans. (b) :** अरब भूगोलवेत्ता अल-बरुनी ने भूगोल से सम्बन्धित 27 पुस्तकों का उल्लेख किया। जिसमें 12 पुस्तकें मानचित्र कला भूगर्भिक और जलवायु विज्ञान (प्रत्येक पर चार चार पुस्तकें) पर आधारित थी। अल-बरुनी की प्रमुख पुस्तकें-

(1) किताब - उल हिन्द　　(2) तारीख- उल हिन्द
(3) अल कानून-अल मसूदी　　(4) अथर-उल बगिया
(5) किताब-उल जमाकीर　　(6) किताब-अल सैयदना
(7) अल-तहदीद

किताब-उल काफी का लेखन अल-याकूबी ने किया था।

**49. Which one of the following process is a gradational process?/निम्नलिखित प्रक्रियाओं में से कौन-सी एक अनुक्रमिक प्रक्रिया है?**

(a) Deposition/निक्षेपण
(b) Diastrophism/पटल-विरूपण
(c) Volcanism/ज्वालामुखीयता
(d) Erosion/अपरदन

**Ans. (d) :** अपरदन एक अनुक्रमिक प्रक्रिया है। अपरदन द्वारा उच्चावच का निम्नीकरण होता है अर्थात भूदृश्य विघर्षित होते हैं। अपरदन के अन्तर्गत शैलों के मलवे की अवाप्ति एवं उनके परिवहन को सम्मिलित किया जाता है। पिण्डाकार शैलें, जब अपक्षय एवं अन्य क्रियाओं के कारण छोटे-छोटे टुकड़ों में टूटती है तो अपरदन के भू-आकृतिक कारक जैसे कि प्रवाहित जल, भौमजल, हिमानी, वायु एवं धाराएँ उनको एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थानों तक ले जाते हैं, जो कि इन कारकों के गत्यात्मक स्वरूप पर निर्भर करते हैं।

**50. Match list-I with list-II and select the correct answer from the code given below the lists-**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूची के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| | List-I (Ports) सूची-I (बन्दरगाह) | | List-II (Places) सूची-II (स्थान) |
|---|---|---|---|
| A. | Djibouti/जिबूती | 1. | Gulf of Aden अदन की खाड़ी |
| B. | Marseille/मार्सिले | 2. | Gulf of Lion लायन की खाड़ी |
| C. | Incheon/इंचियोन | 3. | Yellow sea पीला सागर |
| D. | Miami/मियामी | 4. | Gulf of Mexico मेक्सिको की खाड़ी |

**Code :/कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**Ans. (a) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है।

| **बन्दरगाह** | | **स्थान** |
|---|---|---|
| जिबूती | - | अदन की खाड़ी |
| मार्सिले | - | लायन की खाड़ी |
| इंचियोन | - | पीला सागर |
| मियामी | - | मैक्सिको की खाड़ी |

**51. Which of the following is not a type of temperature inversion?/निम्नलिखित में कौन तापमान प्रतिलोमन का प्रकार नहीं है?**

(a) Frontal inversion/वाताग्रीय प्रतिलोमन
(b) Advectional inversion/अभिवहनीय प्रतिलोमन
(c) Latitudinal inversion/अक्षांशीय प्रतिलोमन
(d) Mechanical inversion/यांत्रिक प्रतिलोमन

**Ans. (c) :** सामान्य नियमानुसार क्षोभमण्डल या अधोमण्डल में ऊँचाई के साथ तापमान (1000 मी. पर 6.5°C की दर से) घटता जाता है परन्तु सामान्य ताप-पतन के विपरीत कभी-कभी कालिक तथा स्थानीय रूप से ऊँचाई के साथ तापमान बढ़ता जाता है। इसे ऋणात्मक ताप पतन दर की संज्ञा प्रदान की जाती है। इस प्रक्रिया के कारण नीचे अपेक्षाकृत ठण्डी वायु की परत तथा उसके ऊपर गर्म वायु की परत स्थित हो जाती है। इस स्थिति या दशा को तापमान का प्रतिलोमलन कहा जाता है।
तापीय प्रतिलोमन को तीन वर्गों में विभाजित किया जाता है।
(1) अप्रवाही प्रतिलोमन
(2) प्रवाही प्रतिलोमन (अभिवहनीय प्रतिलोमन)
(3) यांत्रिक प्रतिलोमन

**52. Match list-I with list-II and select the correct answer using the codes given below the lists-**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| List-I (Concept) सूची-I (संकल्पना) | | List-II (Scholar) सूची-II (विद्वान) | |
|---|---|---|---|
| A. | Gravity or Interaction Law गुरुत्व अथवा अन्तःक्रिया | 1. | H. C. Carey एच.सी.कैरी |
| B. | Law of Retail Gravitation/फुटकर गुरुत्वाकर्षण नियम | 2. | Reilly/रैली |
| C. | Breaking Point Law/अलगाव बिन्दु नियम | 3. | P.D. Converse पी.डी. कनवर्स |
| D. | Rank-Size Rule/ कोटि-आकार नियम | 4. | G.K. Zipf जी.के. जिफ |

**Code :/कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 | (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

**Ans. (a) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| **संकल्पना** | | **विद्वान** |
|---|---|---|
| गुरुत्व अथवा अन्तः क्रिया नियम | - | एच.सी.कैरी |
| फुटकर गुरुत्वाकर्षण नियम | - | रैली |
| अलगाव बिन्दु का नियम | - | पी.डी. कनवर्स |
| कोटि-आकार नियम | - | जी.के. जिफ |

**53. Which one of the following is not under the influence of Mediterranean type of climate?**
**निम्नलिखित में से कौन भूमध्य सागरीय जलवायु के प्रभाव में नहीं है?**
(a) Central Chile/मध्य चिली
(b) Italy/इटली
(c) Venezuela/वेनेजुएला
(d) California/कैलिफोर्निया

**Ans. (c) :** भूमध्यसागरीय जलवायु का विस्तार भूमध्यरेखा के दोनों ओर 30° से 40° अक्षांशों के बीच महाद्वीपों के पश्चिमी भागों में पाया जाता है। इस जलवायु प्रदेश के अन्तर्गत रूम सागर के चतुर्दिक इटली, यूनान, पश्चिमी टर्की, सीरिया, पश्चिमी इजराइल उ.प. अफ्रीका का अल्जीरिया प्रदेश, उ.अमेरिका में दक्षिणी कैलिफोर्निया, दक्षिणी अमेरिका में मध्य चिली, दक्षिण अफ्रीका का द.प. भाग तथा द. ऑस्ट्रेलिया के भाग सम्मिलित किये जाते हैं।
ये जलवायु प्रदेश अपने रसदार फलों एवं बागानों के लिए प्रसिद्ध हैं।

**54. Which of the following are not correctly matched?**
**निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?**

| (Mineral)/(खनिज) | | (Mining city)/ (खनन नगर) | |
|---|---|---|---|
| A. | Copper/ताँबा | 1. | Chitradurga चित्रदुर्ग |
| B. | Iron Ore लौह अयस्क | 2. | Ballari/बेल्लारी |
| C. | Manganese मैंगनीज | 3. | Bhilwara भीलवाड़ा |
| D. | Bauxite/बॉक्साइट | 4. | Katni/कटनी |

**Select the correct answer from the code given below/नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**
**Code :/कूट :**
(a) 1 and 2/1 और 2
(b) 2 and 3/2 और 3
(c) 1 and 3/1 और 3
(d) 2 and 4/2 और 4

**Ans. (c) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **खनिज** | | **खनन नगर** |
|---|---|---|
| तांबा | - | गुण्टूर, झुंझुनू और अलवर |
| लोहा | - | बेल्लारी, दुर्ग, दन्तेवाड़ा |
| मैंगनीज | - | सुन्दरगढ़, क्योंझर, भण्डारा, बालाघाट |
| बॉक्साइट | - | कोरापुट, मण्डला, शहडोल, कोल्हापुर |

**55. Who among the following used the term 'Ecology' for the first time?**
**निम्नलिखित में से किसने सर्वप्रथम 'इकोलॉजी' शब्द का प्रयोग किया?**
(a) E. P. Odum/ई.पी. ओडम
(b) E. Haeckel/ई.हैकेल
(c) Carl Ritter/कार्ल रिट्टर
(d) P. Haggett/पी.हैगेट

**Ans. (b) :** 'इकोलॉजी' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम जीवविज्ञानी अर्नेस्ट हैकेल द्वारा 1869 ई. में किया गया था परन्तु जीवों तथा उनके पर्यावरण के मध्य सम्बन्धों को व्यक्त करने के लिए कतिपय संकल्पना नामावलियों का प्रयोग पहले ही किया जा चुका था। उदाहरण के लिए फ्रांसीसी जन्तु विज्ञानी हिलेयर ने सन् 1859 ई. में विभिन्न जीवों के आपसी सम्बन्धों के इथोलॉजी (etholgoy) तथा ब्रिटिश प्रकृति विज्ञानी मिवार्ट ने जीवों तथा उनके पर्यावरण के बीच सम्बन्धों के अध्ययन के लिए हेक्सिकोलॉजी (hexicology) नामावली का प्रयोग किया था।

56. **Which of the following theory is not related with the origin of tides?**
**निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धान्त ज्वार भाटा की उत्पत्ति से सम्बन्धित नहीं है?**

| Theory सिद्धान्त | Propounder प्रतिपादक |
|---|---|
| (a) Progressive Wave Theory प्रगामी तरंग सिद्धांत | - William Whewell विलियम ह्वेवेल |
| (b) Stationary Wave Theory स्थैतिक तरंग सिद्धान्त | - R.A. Harris आर.ए. हैरिस |
| (c) Equilibrium Theory संतुलन सिद्धांत | - Sir Isaac Newton सर आइजैक न्यूटन |
| (d) Glacial Control Theory हिमनद नियन्त्रण सिद्धांत | - Reginald Daly रेगिनाल्ड डेली |

**Ans. (d) :** सूर्य तथा चन्द्रमा की आकर्षण शक्तियों के कारण सागरीय जल के ऊपर उठने तथा गिरने को क्रमशः ज्वार-भाटा कहा जाता है। ज्वार-भाटा की उत्पत्ति सम्बन्धी सिद्धांत निम्न हैं-

| सिद्धान्त | | प्रतिपादक |
|---|---|---|
| प्रगामी तरंग सिद्धांत | - | विलियम ह्वेवेल |
| स्थैतिक तरंग सिद्धांत | - | आर.ए.हैरिस |
| संतुलन सिद्धांत | - | सर आइजैक न्यूटन |

**नोट-** हिमनद नियंत्रण सिद्धांत प्रवाल भित्तियों की उत्पत्ति से सम्बन्धित है जिसका प्रतिपादन रेगिनाल्ड डेली ने 1915 ई. में किया।

57. **Match list-I with list-II and select the correct answer from the code given below-**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| List-I (National Park) सूची-I (उद्यान) | | List-II (Location) सूची-II (अवस्थिति) | |
|---|---|---|---|
| A. | Kalesar/कलेसर | 1. | Assam/असोम |
| B. | Nameri/नामेरी | 2. | Goa/गोवा |
| C. | Mollem/मोल्लेम | 3. | Mizoram/मिजोरम |
| D. | Murlen/मुरलेन | 4. | Haryana/हरियाणा |

**Code :/कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 3 | 2 | (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 | (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**Ans. (b) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| राष्ट्रीय उद्यान | | अवस्थिति |
|---|---|---|
| कलेसर | - | हरियाणा |
| नामेरी | - | असोम |
| मोल्लेम | - | गोवा |
| मुरलेन | - | मिजोरम |

58. **Match list-I with list-II and select the correct answer using the code given below the lists-**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| List-I (Country) सूची-I (देश) | | List-II (Capital) सूची-II (राजधानी) | |
|---|---|---|---|
| A. | Bulgaria बुल्गारिया | 1. | Bratislava ब्रातिस्लावा |
| B. | Hungary/ हंगरी | 2. | Zagreb/ जाग्रेब |
| C. | Croatia/क्रोएशिया | 3. | Sofia/ सोफिया |
| D. | Slovakia स्लोवाकिया | 4. | Budapest बुडापेस्ट |

**Select the correct answer using the code given below/ नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

**Code :/कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 | (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 | (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**Ans. (b) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| देश | | राजधानी |
|---|---|---|
| बुल्गारिया | - | सोफिया |
| हंगरी | - | बुडापेस्ट |
| क्रोएशिया | - | जाग्रेब |
| स्लोवाकिया | - | ब्रातिस्लावा |

59. **Match list I with list II and select the correct answer using the code given below the lists-**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| List-I (Oil Refinery) सूची-I (तेल शोधन कारखाने) | | List-II (States of India) सूची-II (भारत के राज्य) | |
|---|---|---|---|
| A. | Koyali/कोयली | 1. | Assam/असोम |
| B. | Nagapattinam नागपट्टिनम | 2. | Tamil Nadu/तमिलनाडु |
| C. | Numaligarh नुमालीगढ़ | 3. | Gujarat/गुजरात |
| D. | Barauni/बरौनी | 4. | Bihar/बिहार |

**Code :/कूट :**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 | (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**Ans. (b) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| तेल शोधन कारखाने | | भारत के राज्य |
|---|---|---|
| कोयली | - | गुजरात |
| नागपट्टिनम | - | तमिलनाडु |
| नुमालीगढ़ | - | असोम |
| बरौनी | - | बिहार |

60. **Who among the following was propounder of 'Spatial Innovation Diffusion Model'?**
**'क्षेत्रीय नवाचार प्रसरण मॉडल' के प्रणेता निम्नलिखित में से कौन थे?**
(a) Carl O. Sauer/कार्ल ओ. सॉवर
(b) Richard Hartshorne/रिचर्ड हार्टशोर्न
(c) R.L. Morrill/आर.एल.मॉरिल
(d) T.Hagerstrand/टी.हैगरस्ट्रैण्ड

**Ans. (d) :** क्षेत्रीय नवाचार प्रसरण मॉडल के प्रणेता टी. हैगरस्ट्रैण्ड थे। इनके अनुसार विसरण नवीनीकरण का अर्थ स्थान और समय के सन्दर्भ में वस्तुओं का वितरण होना हैं इन्होंने वर्ष 1953 में अपने शोध प्रबन्ध में स्थानिक प्रक्रमण का वर्णन किया और मध्य स्वीडन की जनसंख्या में अनेक प्रकार के नवीनीकरण पर चर्चा की।

61. **Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below the lists-**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| | List-I (Volcanic Mountain) सूची-I (ज्वालामुखी पर्वत) | | List-II (Country) सूची -II (देश) |
|---|---|---|---|
| A. | Mount Rainier माउण्ट रेनियर | 1. | Italy/इटली |
| B. | Mount Etna माउण्ट एटना | 2. | Mexico/मैक्सिको |
| C. | Mount Paricutin माउण्ट पैराकुटिन | 3. | Philippines फिलीपीन्स |
| D. | Mount Apo/ माउण्ट अपो | 4. | United States of America/संयुक्त राज्य अमेरिका |

**Code :/कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**Ans. (b) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है–

| **ज्वालामुखी पर्वत** | | **देश** |
|---|---|---|
| माउण्ट रेनियर | - | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| माउण्ट एटना | - | इटली |
| माउण्ट पैराकुटिन | - | मैक्सिको |
| माउण्ट अपो | - | फिलीपीन्स |

62. **The top two leading Tin producing countries in the world are-**
**विश्व के दो शीर्ष अग्रणी टिन उत्पादक देश हैं-**
(a) Peru and Bolivia/पेरू एवं बोलिविया
(b) Bolivia and Brazil/बोलिविया एवं ब्राजील
(c) China and Indonesia/चीन एवं इंडोनेशिया
(d) Malaysia and Russia/मलेशिया एवं रूस

**Ans. (c) :** टिन की प्राप्ति कैसीटेराइट अयस्क से होती है इसकी कोमलता और जंग रहित स्वभाव के कारण इसका उपयोग मिश्र धातुओं के निर्माण, टिन की चादरें बनाने एवं शोल्डरिंग उद्योग में किया जाता है। वर्तमान शीर्ष (2020) टिन उत्पादक देश- चीन, इण्डोनेशिया, म्यांमार, पेरू है।

63. **Match list-I with list-II and select the correct answer from the code given below the lists:**
**सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-**

| | List-I (Landform) सूची I (भू-आकृति) | | List- (Made by agent of erosion) सूची II (अपरदन के अभिकारक द्वारा निर्मित) |
|---|---|---|---|
| A. | Till plain टिल मैदान | 1. | Underground water भूमिगत जल |
| B. | Potholes जलगर्तिका | 2. | Wind वायु |
| C. | Hums हम्स | 3. | Glacier हिमनद |
| D. | Ripples रिपल्स | 4. | Running water बहता जल |

**Code :/कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**Ans. (c) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **भू-आकृति** | | **अपरदन के कारक** |
|---|---|---|
| टिल मैदान- | हिमनद | |
| जलगर्तिका | - | बहता जल |
| हम्स | - | भूमिगत जल |
| रिपल्स | - | वायु |

64. **Which one of the following countries is not landlocked?/निम्नलिखित देशों में से कौन स्थल से घिरा हुआ नहीं है?**
(a) Botswana/बोत्सवाना (b) Niger/नाइजर
(c) Chad/चाड (d) Angola/अंगोला

**Ans. (d) :** अंगोला द. अटलांटिक महासागर के पूर्वी तट पर अवस्थित देश है जिसके दक्षिण में नामीबिया, पूर्व में जाम्बिया, उत्तर में कांगों गणराज्य (जायरे) इसकी सीमा बनाते हैं, इसकी राजधानी लुआण्डा है।
अफ्रीका के प्रमुख स्थलबद्ध देश- बोत्सवाना, बुरुण्डी, चाड, नाइजर, लेसोथो, मलावी, माली, जिम्बाब्वे, स्वाजीलैण्ड, युगाण्डा, रवाण्डा, मध्य अफ्रीकन गणतंत्र, बुर्किनाफासो, जाम्बिया, द. सूडान इथियोपिया।

65. **Who among the following geographers proposed that "All history should be studied geographically"?**
**निम्नलिखित में से किस भूगोलवेत्ता ने यह प्रस्तावित किया कि ''सभी इतिहास का भौगोलिक रूप में तथा तभी भूगोल का ऐतिहासिक रूप में अध्ययन किया जाना चाहिए।**

(a) Herodotus/हेरोडोटस
(b) Strabo/स्ट्रैबो
(c) Hacarius/हेकारियस
(d) Posidonius/पोसीडोनियस

**Ans. (a) :** हेरोटोडस ने यह प्रस्तावित किया कि "सभी इतिहास का भौगोलिक रूप में तथा सभी भूगोल का ऐतिहासिक रूप में अध्ययन किया जाना चाहिए।" इन्हें इतिहास का पिता कहा जाता है। इन्होंने ऐतिहासिक भूगोल के विकास में प्रमुख योगदान दिया। विश्व मानचित्र पर याम्योतर खींचने का प्रथम प्रयास एवं कैस्पियन सागर को आन्तरिक सागर मानने वाला हेरोडोटस प्रथम विद्वान था।

**66. Among the following lakes, which one is not a lake in the course of the Suez Canal?**
**निम्नलिखित में से कौन-सी झील, स्वेज नहर के मार्ग में नहीं पायी जाती है?**
(a) Little Bitter Lake/ छोटी बिटर झील
(b) Turkana Lake/ तुर्काना झील
(c) Timsah Lake/ टिमसाह झील
(d) Great Bitter Lake/ बृहद् बिटर झील

**Ans. (b) :** स्वेज नहर के उत्तरी भाग में मैंजाला झील, मध्य में टिमसाह झील, इसके दक्षिण में छोटी बिटर एवं बृहद बिटर झील पायी जाती है। स्वेज नहर विश्व की सबसे लम्बी जहाजी नहर है इसका निर्माण फ्रांसीसी इंजीनियर फर्ण्डीनेण्ड डी लैसेप्स की देख-रेख में1869 ई. में पूर्ण हुआ। इसकी लम्बाई 165 किमी. एवं न्यूनतम चौड़ाई 60 मी. है। है तथा इस जलमार्ग के उत्तरी द्वार पर पोर्ट सईद एवं दक्षिणी प्रवेश द्वारा पर स्वेज पत्तन है। स्वेज नहर भूमध्य सागर एवं लाल सागर को आपस में जोड़ता है। तुर्काना झील अफ्रीका महाद्वीप के आन्तरिक भाग में अवस्थित है।

**67. Who amongst the following was the first to consider the possibility of Europe, Africa and America having been located side by side?**
**निम्नलिखित में से किसने सर्वप्रथम यूरोप, अफ्रीका व अमेरिका के साथ होने की संभावना व्यक्त की?**
(a) Alfred Wegener/अल्फ्रेड वेगनर
(b) Antonio Pellegrini/एनटोनियो पेलेग्रिनी
(c) Abraham Ortelius/अब्राहम आरटेलियस
(d) Edmond Hess/एडमंड हैस

**Ans. (c) :** अटलांटिक महासागरीय तटरेखा की आकृति को ध्यान से देखने पर ज्ञात होता है, कि महासागरों के दोनों तरफ की तटरेखा में आश्चर्यजनक सममिति है। इसकी समानता के कारण वैज्ञानिकों ने दक्षिणी अमेरिका व अफ्रीका के साथ जुड़े होने की सम्भावना को व्यक्त किया। इतिहास के ज्ञात अभिलेखों से पता चलता है कि सन् 1596 ई. में डच मानचित्रवेत्ता **अब्राहम ऑरटेलियस** ने सर्वप्रथम इस सम्भावना को व्यक्त किया था। एन्टोनिया पेलेग्रीनी ने एक मानचित्र बनाया, जिसमें तीनों महाद्वीपों को इक्ट्ठा दिखाया गया है। जर्मन मौसमविद अल्फ्रेड वेगनर ने "महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धान्त सन् 1912 ई. में प्रस्तावित किया। यह सिद्धान्त महाद्वीप एवं महासागरों के वितरण से ही संबंधित था।

**68. Which of the following is not correctly matched?**
**निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है-**

| **(Country) (देश)** | **(Local name of the shifting agriculture) (स्थानान्तरित कृषि का स्थानीय नाम)** |
|---|---|
| (a) Indonesia/इंडोनेशिया | - Ladang/लदांग |
| (b) Brazil/ब्राजील | - Roca/रोका |
| (c) Sri-lanka/श्रीलंका | - Taungya/तुंग्या |
| (d) Philippines/फिलिपीन्स | - Caingin/कैंगिन |

**Ans. (c) :** सही सुमेलित युग्म इस प्रकार है-

| **स्थानान्तरित कृषि का स्थानीय नाम** | | **देश** |
|---|---|---|
| लदांग | - | इण्डोनेशिया |
| रोका | - | ब्राजील |
| तुंग्या | - | म्यांमार |
| केंगिन | - | फिलीपीन्स |
| मिल्पा | - | मैक्सिको |
| कोनुको | - | वेनेजुएला |
| टावी | - | मेडागास्कर |
| मसोल | - | कांगो एवं मध्य अफ्रीका |
| हुमा | - | जावा |
| चेन्ना | - | श्रीलंका |
| तमराई | - | थाईलैण्ड |

अतः विकल्प (c) सही सुमेलित नहीं है।

**69. Who defined geography as 'accurate, orderly and rational description and interpretation of the variable character of the surface of the earth'? /भूगोल को 'पृथ्वी पटल के विभिन्नतापूर्ण स्वरूप का यथार्थ, क्रमबद्ध एवं तर्क संगत वर्णन और व्याख्या' के रूप में किसने परिभाषित किया?**
(a) R. Hartshorne/आर. हॉर्टशोर्न
(b) R.E. Dickinson/आर.ई. डिकिंसन
(c) Carl Sauer/कार्ल सॉवर
(d) A. Hettner/ए.हेटनर

**Ans. (a) :** भूगोल को पृथ्वी पटल (भूतल) के विभिन्नतापूर्ण स्वरूप का यथार्थ, क्रमबद्ध एवं तर्क संगत वर्णन एवं व्याख्या करता है। यह परिभाषा रिचर्ड हॉर्टशोर्न की है।
हॉर्टशोर्न की प्रमुख पुस्तकें
(1) The Nature of Geography (भूगोल की प्रकृति) - 1939
(2) perspective on the Nature of Geography (भूगोल की प्रकृति एवं परिपेक्ष्य) - 1959

**70. Which of the following districts of Uttar Pradesh had the highest sex-ratio as per census 2011?**
**2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश में निम्नलिखित में से किस जिले का लिंगानुपात सर्वाधिक था?**
(a) Amethi/अमेठी (b) Amroha/अमरोहा
(c) Aligarh/अलीगढ़ (d) Azamgarh/आजमगढ़